Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation modicarefoundation

अगस्त 2022



एओसी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में आई ई सी सामग्री का इस्तेमाल

एंबेसडर ऑफ चेंज कार्यक्रम - माह अगस्त

एंबेसडर ऑफ चेंज एक व्यापक कार्यक्रम है जो बच्चों और किशोरों की जरूरतों और उन मुद्दों पर कार्य करता है जिनके बारे में शायद ही कभी बात की जाती है, लेकिन उनके समग्र विकास और वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

एओसी टीम बच्चों के साथ सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, पोषण और व्यक्तिगत स्वच्छता और बुलिंग जैसे विषयों पर नियमित रूप से सत्र आयोजित करती है। किशोरों के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल में जीवन कौशल, बड़े होना, हमजोली दबाव, बुलिंग और जेंडर सेंसिटाइजेशन आदि सत्र शामिल हैं। सत्रों को आकर्षक और मनोरंजक बनाने के लिए - सभी सत्रों में सामूहिक गतिविधियाँ, रोल प्ले और केस स्टडीज को सक्रिय रूप से शामिल किया गया, परिणाम स्वरूप प्रत्येक सत्र मुख्य संदेशों को देने में प्रभावी साबित हुए।

इस माह 648 प्राथमिक स्कूल के बच्चों और 492 किशोर - किशोरियों को प्रशिक्षण दिया गया। इन सत्रों को लक्षित समूह की प्रासंगिक और विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया था। चूँकि किशोर - किशोरियों ने लगभग दो वर्षों के बाद भौतिक रूप (फिजिकली) से सीखना फिर से शुरू किया है, इसलिए नए व्यावहारिक मुद्दों जैसे ज़्यादा समय तक ध्यान ना दे पाना और आक्रामकता की पहचान की गई। किशोर - किशोरियों में मासिक धर्म और एचआईवी/एड्स से संबंधित मिथक और भ्रांतियां थीं, इसलिए सत्रों का फोकस उनकी ग़लत धारणाओं को यथासंभव दूर करना और सही जानकारी प्रदान करना था।

एओसी प्रशिक्षण की तस्वीरें

Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation

modicarefoundation

ख्वाबगाह स्कूलों में मेडिकल किट का वितरण

हिफ़ाज़त कार्यक्रम के अंतर्गत, ख़्वाबगाह के चारो विद्यालयों के कक्षा 5 के विद्यार्थियों को डिजिटल थर्मामीटर के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट, वयस्कों और बच्चों के लिए ओआरएस पैकेट, पैरासिटामोल, एंटीसेप्टिक तरल, एंटीसेप्टिक मरहम, पट्टी, मास्क, कॉटन रोल और प्रत्येक उपकरण और दवा के सही उपयोग की व्याख्या करने वाला एक पैम्फलेट छात्रों को वितरित किया गया।

किट, विद्यार्थियों और उनके परिवारों को छोटी आपात चिकित्सा स्थितियों से निपटने में मदद करेगी।

शिक्षण पद्धति में सुधार - निशा

मैं जुलाई '22 में मोदीकेयर फाउंडेशन में एकेडमिक फैसिलिटेटर के रूप में नियुक्त हुई। मैं कक्षा 3 के उन छात्रों के साथ काम कर रही हूँ जो सुधार श्रेणी में आते हैं। लॉकडाउन के कारण मुझे बच्चों के सीखने में काफ़ी अंतर दिखा। छात्रों की पढ़ाई में रुचि कम हो गई है, जिससे उनके पढ़ने और लिखने के कौशल पर असर पड़ रहा है। इस शैक्षणिक वर्ष में उन्हें मूल अक्षर और शब्द पढ़ने और लिखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मैंने वर्कशीट और स्टोरी प्ले पद्धति का उपयोग करके सीखने को इंटरैक्टिव और रचनात्मक बनाकर उनकी रुचि को पढ़ाई में वापस लाना शुरू कर दिया है। इससे बच्चों में फिर से रुचि पैदा हुई है और वे नियमित रूप से स्कूल आने लगे हैं।